एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




## सूर्यवंशी में अक्षय कुमार के साथ दिखेंगी
# कटरीना कैफ

डायरेक्टर रोहित शेट्टी की पुलिस पर बनीं फिल्में अभी तक बॉक्सऑफिस पर काफी सफल रही हैं। इन फिल्मों में अजय देवगन की सिंघम और रणवीर सिंह की सिंबा जैसी सुपरहिट फिल्में शामिल हैं। अब रोहित एक बार फिल्म अक्षय कुमार को लेकर एक और फिल्म सूर्यवंशी बना रहे हैं जिसमें वह एक पुलिसवाले की भूमिका में दिखाई देंगे। इस फिल्म की घोषणा होने के बाद से ही यह अंदाजे लगाए जाने लगे कि फिल्म में उनके ऑपोजिट कौन सी हिरोइन दिखाई देंगी। अब ऐसा कहा जा रहा है कि इस फिल्म में एक बार फिर अक्षय के साथ कटरीना की जोड़ी बन सकती है। कहा जा रहा है कि कटरीना को फिल्म में कास्ट किए जाने की पूरी तैयारी हो गई है। इससे पहले अक्षय और कटरीना ने एक साथ वेलकम, तीस मार खान, सिंग इज किंग, दे दना दन, हमको दीवाना कर गए जैसी सुपरहिट फिल्में की हैं।

हालांकि रोहित शेट्टी के दिमाग में इस रोल के लिए किसी और हिरोइन का नाम था लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि अक्षय कुमार ने ही इस फिल्म के लिए कटरीना की सिफारिश की है। रोहित शेट्टी इस फिल्म को 2020 में ईद के मौके पर रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं। अगर ऐसा होता है तो इस फिल्म का सलमान खान और आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका वाली संजय लीला भंसाली की फिल्म इंशाअल्लाह से क्लैश होगा।

इससे पहले अक्षय कुमार ने वीर सूर्यवंशी के रूप में रणवीर सिंह की सिंबा में कैमियो भी किया था। ऐसा भी कहा जा रहा है कि अक्षय की सूर्यवंशी में अजय देवगन बाजीराव सिंघम और रणवीर सिंह संग्राम भालेराव के रूप में मेहमान भूमिकाएं निभाते नजर आ सकते हैं। हालांकि अभी तक इस फिल्म की स्क्रिप्ट ही लिखी जा रही है और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद की जा रही है।



# फर्स्ट क्लास में देखिए वरुण धवन और कियारा आडवाणी की शानदार केमिस्ट्री

बीते दिनों घर मोरे परदेसिया जैसा धमाकेदार गाना रिलीज़ करने के बाद कलंक के मेकर्स ने अब इसका दूसरा गाना फर्स्ट क्लास रिलीज़ कर दिया है। यह गाना काफी अहम है क्योंकि इसी के ज़रिए फिल्म में वरुण के किरदार ज़फर की एंट्री होती है। यह गाना हीरा मंडी पर आधारित है, जिसे 500 डांसर्स के साथ फिल्माया गया। गाने में कियारा आडवाणी भी हैं और उनका नज़ाकत-भरा अंदाज़ आपका मन मोह लेगा। बता दें कि बीते कुछ दिनों से कियारा और वरुण गाने से जुड़े कुछ फोटोज़ और झलकियां सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे थे, जिससे लोगों के बीच काफी उत्सुकता बढ़ गई थी। गाने में वरुण और कियारा की केमिस्ट्री गजब की है और यह लोगों को पसंद भी आ रही है।

फर्स्ट क्लास को प्रीतम ने कंपोज़ किया है। इस गाने के बारे में बात करते हुए प्रीतम ने कहा था, आइडिया एक ऐसा ट्रैक बनाने का था जिसे देखकर 50 के दशक का रेट्रो फील आए। हमें एक मस्तीभरा और मोहल्ला टाइप का गाना बनाना था, जिसमें मस्ती-मज़ाक भी हो। इन चीजों का ध्यान रखते हुए लिरिक्स और ट्यून के बीच सामजस्य बिठाना काफी चैलेंजिंग था, लेकिन जब हम इसमें कामयाब हो गए तो काफी अच्छा लगा।



गाने के टाइटल के बारे में बात करते हुए प्रीतम ने आगे कहा, इस गाने के ज़रिए ज़फर के किरदार को दर्शकों से रूबरू कराया जा रहा है। जो वह फील करता है उसके बारे में ढेरों बातें करता है। जो कुछ भी वह अपने आसपास देखता है-अच्छा या बुरा, सभी के लिए वह बस एक ही बात बोलता है, सब फर्स्ट क्लास है और इस तरह हमने गाने का यह नाम सोचा। कलंक को अभिषेक वर्मन ने डायरेक्ट किया है। 1940 के दशक पर आधारित यह फिल्म एक पार्टिशन ड्रामा है, जिसमें संजय दत्त, माधुरी दीक्षित, आलिया भट्ट, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर भी हैं।

# सूरज पंचोली आर्मी कैंप को डोनेट करेंगे सैटलाइट शंकर से हुई कमाई

ऐक्टर सूरज पंचोली अपनी डेब्यू फिल्म हीरो के रिलीज होने के बाद से ही सिल्वर स्क्रीन से गायब हैं। अब जल्द ही वह रुपहले पर्दे पर फिल्म सैटलाइट शंकर में दिखाई देंगे। इस फिल्म की रिलीज का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म से जुड़ी एक और खबर सामने आई है।

बताया जा रहा है कि सूरज पंचोली सैटलाइट शंकर से होने वाली अपनी पूरी कमाई को आर्मी कैंप को डोनेट कर देंगे। इस फिल्म की शूटिंग चीन बॉर्डर के पास हिमाचल और पंजाब में हुई है। यहीं के एक आर्मी बेस कैंप को सूरज अपनी कमाई डोनेट करेंगे। यह फिल्म इस साल जुलाई में रिलीज होगी।

बता दें कि सूरज पंचोली की पिछली फिल्म हीरो 2 साल पहले रिलीज हुई थी। सैटलाइट शंकर में सूरज एक आर्मी अफसर के रोल में दिखाई देंगे। यह फिल्म एक आर्मी मैन की जिंदगी पर आधारित है। इसमें दिखाया जाएगा कि देश की सेवा करते हुए आर्मी के जवानों और अधिकारियों को कैसी मुश्किलों से गुजरना होता है। फिल्म की शूटिंग से पहले सूरज आर्मी बेस कैंप में जाकर अधिकारियों और जवानों से भी मिले थे। आर्मी के लोगों की जिंदगी को नजदीक से देखने के बाद ही सूरज ने अपनी कमाई डोनेट करने का निर्णय लिया।

फिल्म के बारे में सूरज ने बता करते हुए कहा, यह बहुत अच्छा सफर था और फिल्म की शूटिंग का एक्सपीरियंस गजब का था। असली जवानों से मिलना और रियल लोकेशंस पर शूटिंग करना, जवानों की फैमिली से मिलना बेहद खूबसूरत था। हम यह इसलिए जी पा रहे हैं क्योंकि जवान सीमा पर हमारी रक्षा कर रहे हैं। ऐसे भी दिन आते हैं जब वे अपने परिवार से बात तक नहीं कर पाते हैं। यह मदद मेरी तरफ से एक बेहद छोटा सा प्रयास है।

# मैंने सलमान को हमेशा अपने बच्चे जैसा समझा है: जैकी श्रॉफ

ऐक्टर जैकी श्रॉफ इस समय अपनी आने वाली फिल्म रोमियो अकबर वॉल्टर के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के अलावा जैकी श्रॉफ फिल्म भारत में भी काम कर रहे हैं और इसमें वह सलमान खान के पिता का रोल निभाते नजर आएंगे। सलमान और जैकी दोनों ने ही अपना फिल्मी सफर 80 के दशक में शुरू किया था और दोनों की उम्र में लगभग 10 साल का अंतर है। फिर भी जैकी इस रोल को करने के लिए तैयार हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक, जैकी ने कहा कि वह उन्हें पता है कि उनकी और सलमान की उम्र में केवल 10 साल का अंतर है। उन्होंने बताया कि दोनों का करियर भी लगभग एक ही समय पर शुरू हुआ था लेकिन उन्हें सलमान खान के पिता का किरदार निभाने में कोई दिक्कत नहीं है। जैकी ने आगे कहा कि वह सलमान खान को अपने बच्चे जैसा समझते हैं और अभी भी वह उनके लिए बच्चे जैसे ही हैं। जैकी ने यह भी बताया कि करियर के शुरुआती दिनों में सलमान को उनकी जीन्स और जूते काफी पसंद थे। जैकी इससे पहले फिल्म यादें में करीना कपूर के और धूम 3 में आमिर खान के पिता का किरदार भी निभा चुके हैं।

# बाली में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं टीवी अभिनेत्री रिद्धि डोगरा

टीवी की मशहूर जोड़ी रिद्धी डोगरा और राकेश बापट जिन्होंने 7 साल पहले एक दूसरे से शादी की थी, मगर अब दोनों ने अलग होने का फैसला किया है. इस बात की पुष्टि खुद अभिनेता राकेश ने की है. मगर अपनी असल जिंदगी से ब्रेक लेकर रिद्धी इन दिनों वेकेशन के मूड में है. हाल ही में रिद्धि ने स्विमिंग पूल में अपनी एक तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. इस तस्वीर में वह हॉट अवतार में दिखीं.



रिद्धि बीते दिनों इंडोनेशिया में छुट्टियां बीता रही थीं. एक्ट्रेस अक्सर अपनी टूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं. रिधि ने झूमे जिया रे सीरियल से करियर की शुरुआत की थी. उनके इंस्टाग्राम पर हज़ारों की संख्या में फॉलोअर्स हैं और उनके फैंस अपने पसंदीदा कलाकर की तस्वीर का इंतजार करते रहते हैं.

हाल ही में रिद्धि टीवी सीरियल कयामत की रात में नजर आई थीं. रिद्धि की पर्सनल लाइफ के बारे में बात करें तो राकेश ने खुद रिद्धि से अलगाव पर इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, हां, रिधि और मैंने अलग होने का फैसला किया है. यह कुछ बुरा नहीं है और यह वास्तव में एक सकारात्मक बात है. हम अभी भी एक दूसरे के लिए अच्छे प्लेस पर हैं और रहेंगे. हम एक दूसरे के अच्छे दोस्त हैं और हमेशा एक जैसे रहेंगे. हमने दो सबसे अच्छे दोस्त के तौर पर एक-दूसरे से शादी की, यह स्पेशल बॉन्डिंग हमेशा बनी रहेगी. हमारी दोस्ती हमेशा रहेगी.